# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–20 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिये समर्पित महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नारी सम्मान उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी एक हजार छः सौ सैंतालीस थानों में नव स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का बटन दबाकर उद्घाटन किया और इस मिशन से जुड़े बुकलेट तथा फोल्डर का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला पुलिस बीट कार्मिकों से संवाद और परामर्श बढ़ाने पर जोर दिया।

*हमारा प्रयास होना चाहिए। कि घर की हिंसा हो या बाहर की हिंसा हो इस हिंसा से निपटने के लिए सही परामर्श उपलब्ध करवाना है ये चीजें बताना है। हिंसा से जुड़ी हुई कोई घटना नही है। तो हमें वेलफेयर की स्कीम के साथ हमें जुड़ना है। उन्हें बताना पड़ेगा। कौन–कौन सी स्कीम है। कैसे इनसे लाभान्वित हो सकते हैं।*

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित चौथे गोमती पुस्तक मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेले को ज्ञान और साहित्य का महाकुंभ बताया। उन्होंने युवाओं से स्मार्ट फोन पर अधिक समय बिताने की बजाय प्रतिदिन कम से कम एक घंटा पुस्तक पढ़ने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर मिलिंद सुधाकर मराठे सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। गोमती पुस्तक मेला अट्ठाइस सितम्बर तक आयोजित रहेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के भावनगर से वाराणसी में फ्रेट विलेज का ऑनलाइन शिलान्यास किया। यह फ्रेट विलेज रामनगर के राल्हूपुर में बनाया जा रहा है। इससे गंगा नदी में जल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। शिलान्यास के अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और राज्यसभा सांसद साधना सिंह की उपस्थिति रही।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, देश में वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें आगामी सोमवार से लागू हो रही हैं। जीएसटी सुधार से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र को भी काफी फायदा पहुंचेगा। एक रिपोर्ट–

*सरकार ने घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती करके इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बड़ी राहत दी है। बिजली यंत्रों पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। कम्पोस्टिंग मशीनों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। टू–वे रेडियो प्रणाली पर कर की दर भी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष संदीप नरूला ने कहा कि कर कटौती के फायदे होंगे और देश में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में वृद्धि होगी।*

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत इस युक्तिकरण से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की पहुंच और सामर्थ्य में वृद्धि होने और घरेलू उत्पादकों के लिए बाजार का आकार बढ़ने की उम्मीद है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से अभिप्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला 'सेवा पर्व' में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लिये मोदी सरकार के प्रयासों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

*पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आया है। 2018 में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम रहा। यह योजना प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। यह योजना 12 करोड़ से अधिक परिवारों को कवर करती है और लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को लाभान्वित करती है। पिछले वर्ष 29 अक्टूबर को नई दिल्ली में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान वय वंदना योजना के दायरे में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की।*

*सरकार का प्रयास है कि देश के हर बुजुर्ग जिनकी आयु 70 वर्ष के ऊपर है उनको जल्द से जल्द आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिले और यह ऐसी योजना है जिसमें आय की कोई पाबंदी नहीं। लाभार्थी ईशान श्रीवास्तव ने आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनके परिवार के सदस्यों का कम खर्च में सही इलाज कराने में मदद मिली।*

*इस कार्ड से जैसा कि हमारा पेसमेकर लगा है तो 83,280 का इस कार्ड से पेमेंट हुआ, अप्रुवल होकर। कार्ड नहीं होता तो हमारी स्थिति नहीं थी कि हम इनका पेसमेकर करवा पाते। यह योजना 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए आसान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है। आनंद कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से फरहत नाज।*

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'चलो जीते हैं' देश के लाखों स्कूलों और लगभग पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के बचपन की एक घटना से प्रेरित है।

**********